**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 08.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **नरेन्द्र मोदी कल शाम सवा सात बजे लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ, नयी सरकार के स्वरुप को लेकर दिल्ली में बैठकों का दौर जारी।**
2. **पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में इडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में दाखिल की चार्जशीट।**
3. **राज्य के कई इलाकों में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने झारखंड में 17 जून के बाद मानसून के प्रवेश की जतायी संभावना।**
4. **जोर्डन में 21 से 25 जून तक आयोजित होने वाली अंडर 17 कुश्ती चैम्पियनशिप में झारखंड के बिकास कच्छप करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा। श्री मोदी ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उनकी सरकार देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि स्थिर सरकार भारत और इसकी अर्थव्यवस्था के साथ–साथ युवाओं के लिए लाभदायक साबित होगी। उन्होंने देश को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार देश का तेज गति से विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में इडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल किया है। इसमें फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने की बात कही गयी है। साथ ही एक पूरे सिंडिकेट के सक्रिय रहते हुए राशि की लेनदेन का जिक्र किया गया है। आरोपियों में झामुमो नेता अंतु तिर्की के अलावा राजस्व विभाग का कर्मचारी मनोज कुमार यादव, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारी तापस घोष और संजीत कुमार, हजारीबाग कोर्ट के डीड राइटर मो. इरशाद, प्रिय रंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अख्तर, अफसर अली और सद्दाम हुसैन भी शामिल हैं।

*******************

गोड्डा जिले के दोमुही मोड़ से बसंतराय प्रखंड की तरफ जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण की लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है। बसंतराय की तरफ जाने वाली सड़क बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि वह कई जगहों पर बिहार से मिलता है। बिहार से मिलने के स्थान पर गेरुआ नदी में कई पुल भी बने हुए हैं, लेकिन सड़क की चौड़ाई काफी कम है जिससे यातायात में तो असुविधा होती ही है, हादसों का खतरा भी बना रहता है।

*******************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह 10 जून को विधि व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक करेंगे। आचार संहिता हटने के बाद पहली बार सभी जिलों के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी के साथ बैठक आयोजित की गयी है। सभी जिलों के एसपी को एजेंडा बिंदुओं के संदर्भ में पूरी तैयारी के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के निवासियों के लिए निजी सुरक्षा एजेंसियों में रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न प्रखंडों में भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

*******************

कोडरमा जिले में एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू हो गया है। एनसीसी की 45वीं बटालियन की ओर से स्थानीय जेजे कॉलेज में कैडेटों को ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड सिग्नल और हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह ट्रेनिंग कैंप 10 दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद तीन सर्टिफिकेट सफलतापूर्वक हासिल करने पर कैडेटों को भारतीय सेना की बहाली में अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। बटालियन के प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त विजय कुमार ने बताया कि एनसीसी की यह ट्रेनिंग देश रक्षा के क्षेत्र में जाने वाले युवाओं की पहली सीढ़ी है। इस दौरान कैडेटों को अनुशासन और एकजुटता का पाठ भी पढ़ाया जाएगा।

*******************

राज्य के कई इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून के 17 जून के बाद ही झारखंड में प्रवेश करने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में मानसून पश्चिम बंगाल की ओर से संताल परगना के रास्ते प्रवेश करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पहले 15 जून तक मानसून के झारखंड पहुंचने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन अब इसमें और दो दिन की देरी की संभावना है। उन्होंने कहा

कि जून में जितनी देरी से मानसून झारखंड में प्रवेश करेगा, उतना ही इसके सितंबर–अक्तूबर में विस्तार की संभावना है।

*******************

कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया जगत के जानेमाने व्यक्तित्व और ईनाडु समूह के संस्थापक रामोजी राव के निधन पर दुख व्यक्त किया है। श्री राव का आज सुबह हैदराबाद में निधन हो गया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री राव दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय मीडिया में क्रांति ला दी। उन्होंने कहा कि श्री राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने उल्लेखनीय प्रयासों से श्री राव ने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए हैं। श्री मोदी ने भारत के विकास के लिए रामोजी राव के जुनून की सराहना की। उन्होंने इस कठिन समय में श्री राव के परिवार, मित्रों और असंख्य प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

*******************

हजारीबाग जिले में बाल विवाह और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की रोकथाम के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक आयोजित की गयी। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों के आपसी समन्वय के साथ बाल विवाह तथा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्य योजना तैयार करना है।

*******************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय योग अभ्यास के बारे में जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कल नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती, दूरदर्शन और आकाशवाणी नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। मंत्रालय ने कहा कि दूरदर्शन, सुबह के विशेष लाइव शो प्रसारित करने के साथ–साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम और साक्षात्कार भी प्रसारित करेगा। आकाशवाणी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र कल्याण के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा। आयुष मंत्रालय ने एक योग गीत तैयार किया है जिसे सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा किया जाएगा।

*******************

जोर्डन में 21 से 25 जून तक आयोजित होने वाली अंडर 17 कुश्ती चैम्पियनशिप झारखंड के बिकास कच्छप भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिल्ली में आयोजित भारतीय कुश्ती टीम के चयन ट्रायल में बिकास कच्छप ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में पहला स्थान प्राप्त कर भारतीय कुश्ती टीम में अपनी जगह बनायी। बिकास कच्छप झारखंड के पहले पहलवान हैं जो झारखंड से अंडर 17 आयु वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बिकास की इस उपलब्धि पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, आइएएस अधिकारी के रवि कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव समेत अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

*******समाप्त***********